लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

पौष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 12.06 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2079

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 39, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये

बरेली, शनिवार, 24 दिसंबर 2022

www.amritvichar.com

PAGE NO : 07 BOTTOM

**यूपी पुलिस हैकाथॉन** पुलिस विभाग की ओर से टीम में शामिल चार छात्राओं को मिले 50 हजार रुपये

## एसआरएमएस सीईटी की टीम को पहला स्थान

अमृत विचार, बरेली

श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्राओं ने यूपी पुलिस हैकाथॉन 2022 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यूपी पुलिस विभाग की ओर से टीम को 50 हजार रुपये का नकद इनाम और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति और डीन एकेडेमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता ने टीम के सभी सदस्यों को बधाई के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना की। देवमूर्ति ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार के आयोजन छात्रों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रो. सौरभ गुप्ता ने बताया कि मृदुल सिंघल, पारुल साहनी, आंचल जैन और महक अग्रवाल ने प्रतियोगिता की क्राउड काउंटिंग कैटेगरी में समस्या का समाधान कर टीम में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पुरस्कार जीतने वाली इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्राएं व एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति।